भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2735**
10.03.2021 को उत्तर देने के लिए

## एमपीएलएडी योजना को पुन: आरंभ करना

2735. कुमारी अगाथा के. संगमा:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दो वर्षों के लिए एमपीएलएडी फंडों पर रोक लगाने से पिछड़े राज्यों जैसे उत्तर पूर्वी क्षेत्र और मेघालय में स्थानीय विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है;
(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार इस वित्तीय वर्ष से एमपीलैड योजना को फिर से शुरू करने पर विचार कर रही है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) [रॉव इंद्रजीत सिंह]**

(क) सरकार को मेघालय और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों सहित देश भर से संसद के माननीय सदस्यों से संदर्भ प्राप्त हुए हैं कि सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2020-2021 और वित्त वर्ष 2021-2022 के दौरान एमपीलैड्स को संचालित नहीं करने के कारण विकास संबंधी गतिविधियां भी प्रभावित हो सकती है। तथापि, वित्त वर्ष 2020-2021 और वित्त वर्ष -2021-2022 के दौरान एमपीलैड्स को संचालित नहीं करने के सरकार के निर्णय के बाद उत्तर पूर्वी क्षेत्रों और मेघालय जैसे पिछड़े राज्यों में स्थानीय विकास कार्यों पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन करने के लिए सरकार द्वारा कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) सरकार ने दो वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2020-2021 तथा वित्त वर्ष -2021-2022 के दौरान संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना को परिचालित नहीं करने का निर्णय लिया है तथा कोविड-19 जिसे एक विश्व महामारी तथा देश में अधिसूचित आपदा घोषित किया गया है, की चुनौतियों के प्रबंधन के लिए, किए जाने वाले प्रयासों को समर्थ बनाने हेतु वित्त वर्ष 2020-2021 तथा वित्त वर्ष 2021-2022 की एमपीलैड्स निधियों को वित्त मंत्रालय के पास रखने का फैसला लिया है ।

*****